कार्यालय प्रधान निदेशक लेखापरीक्षा
उद्योग एवं कॉरपोरेट मामले
ऑडिट भवन, आई. पी. एस्टेट, नई दिल्ली-110002

<u>कार्यालय ज्ञापन</u>

मुख्यालय के परीक्षा प्रकोष्ठ के निर्देशानुसार वरिष्ठ लेखा परीक्षक/सहायक पर्यवेक्षक हेतु प्रोत्साहन परीक्षा का आयोजन प्रति वर्ष अप्रैल माह में किया जाना निर्धारित है। उक्त के क्रम में, निम्नलिखित पात्रता शर्तों को पूर्ण करने वाले इच्छुक कर्मचारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं —

1. पे लेवल 6 में कार्यरत वरिष्ठ लेखा परीक्षक (Senior Auditor), जिन्होंने परीक्षा आयोजित होने वाले माह की पहली तारीख अर्थात 01-04-2026 तक उस ग्रेड में एक वर्ष की निरंतर सेवा पूरी कर ली है, परीक्षा में सम्मिलित होने के पात्र हैं।
2. इसके अतिरिक्त, पे लेवल 7 में कार्यरत सहायक पर्यवेक्षक (Assistant Supervisors), जिन्होंने वरिष्ठ लेखा परीक्षक के रूप में कार्य करते समय प्रोत्साहन परीक्षा (Incentive Exam) उत्तीर्ण नहीं की है, वे भी इस परीक्षा में बैठने के पात्र हैं।
3. "वित्त, लेखा और लेखा परीक्षा" विषय पर 2 घंटे की अवधि का एक पेपर होगा, जिसका कुल अंक 100 हैं। इसमें 100 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे, प्रत्येक सही उत्तर के लिए 1 अंक दिया जाएगा और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए -0.25 अंक कटेंगे।
4. जो अभ्यर्थी 50% या उससे अधिक अंक प्राप्त करेंगे, उन्हें वरिष्ठ लेखा परीक्षक /सहायक पर्यवेक्षक के अपने-अपने वेतन स्तर में एक अग्रिम वेतन वृद्धि (advance increment) प्रदान की जाएगी, जो परीक्षा आयोजित होने वाले माह की पहली तारीख से प्रभावी होगी।

अतः पात्र एवं इच्छुक वरिष्ठ लेखा परीक्षक/सहायक पर्यवेक्षक अपना आवेदन निर्धारित प्रपत्र (संलग्न) में पूर्ण रूप से भरकर दिनांक 10 अप्रैल 2026 तक गोपनीय कक्ष में अनिवार्यतः प्रेषित करना सुनिश्चित करें। अपूर्ण अथवा निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

यह भी सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा के आयोजन/विस्तृत कार्यक्रम के संबंध में मुख्यालय से अभी तक कोई पृथक सूचना प्राप्त नहीं हुई है। प्राप्त होते ही इसकी जानकारी संबंधित कार्यालयों/अनुभागों को ईमेल एवं सूचना पट्ट के माध्यम से तत्काल उपलब्ध करा दी जाएगी।

संलग्नक: यथोपरि **हस्ता./**

व. लेखापरीक्षा अधिकारी (गो. कक्ष)

संख्या. गो.क./प्रो.प./1(5)/2026/ 04 **दिनांक:** 6-4-2026

प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित :-

1. सभी ग्रुप अधिकारी (स्थानीय)
2. प्रधान निदेशक लेखापरीक्षा के सचिव (स्थानीय)
3. सहायक निदेशक, हिन्दी अनुभाग
4. वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी प्रशासन.
5. वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी बिल.
6. वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी दावा अनुभाग.

7. वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी स्थापना अनुभाग.
8. वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी विनियोग एवं वित्तलेखे अनुभाग
9. वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी ए.एम.जी. I, II, III.
10. वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी समन्वय.
11. वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी रिपोर्ट एवं आं. लेखापरीक्षा अनुभाग
12. वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी ई.डी.पी. अनुभाग (कृपया उक्त पत्र को कार्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध कराएं)
13. वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी (प्रशासन) कार्यालय महानिदेशक लेखापरीक्षा (इन्फ्रा.) नई दिल्ली (सिविल कैडर)
14. वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी (प्रशासन) कार्यालय महानिदेशक लेखापरीक्षा (ऊर्जा) नई दिल्ली (सिविल कैडर)
15. कार्यालय आदेश पुस्तिका
16. सभी सूचना पट्ट

6/4/26

व. लेखापरीक्षा अधिकारी (गो. कक्ष)

OFFICE OF THE PRINCIPAL DIRECTOR OF AUDIT, I&CA, NEW DELHI

Application form for Incentive Examination for Senior Auditors/ Asstt. Supervisor April 2026

1.	**Full Name** (as per Service Book)	
2.	**Designation**	
3.	**Father's Name**	
4.	**Date of Birth**	
5.	**Gender**	
6.	**Category (General/SC/ST)**	
7.	**Education Qualification**	
8.	**Present Office**	
9.	**Section in which posted**	
10.	**Date of promotion as Sr. Auditor**	
11.	**Date of promotion as Assistant Supervisor** (applicable only to officials who have not passed this examination while serving as Senior Auditor).	
12.	**E-Mail ID**	
13.	**Mobile Number**	
14.	**Medium of Answer Hindi/English**	

Certified that the above information is correct to the best of my knowledge.

Signature of the candidate

Date: